


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 25 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 179 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# सब झूठ और अफवाह

## 35 दिन बाद एलपीजी बुकिंग की खबरों का सरकार ने किया खंडन

● नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया, एक सिलेण्डर की डिलीवरी के 25 दिन बाद होगी नयी बुकिंग



**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में रुकावटों और अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण ईंधन व गैस की कमी को लेकर कड़े उपाय किए जा रहे हैं। इस बीच तेल कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि भारत के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों ने एक ऐसे युद्ध को जन्म दिया है, जिसने न केवल खाड़ी क्षेत्र बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। इसके चलते प्रमुख जलमार्ग हॉर्मुज स्ट्रेट लगभग पूरी तरह से बंद हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद होर्मुज में ईंधन वाले जहाजों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है। सरकार ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिनमें गैस सिलेंडर बुक करने के नियमों में बदलाव की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अब पीएम उज्ज्वला योजना (PMUY) वाले उपभोक्ता अब 45 दिन और नॉन-PMUY उपभोक्ता दूसरा सिलेंडर 35 दिन बाद ही बुक करा सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है। रीफिल बुकिंग के पुराने नियम ही लागू रहेंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद कर सकेंगे। कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर ज्यादा दबाव 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के मुकाबले 19 किलो वाले कॉमर्शियल LPG सिलेंडर की सप्लाई पर कहीं ज्यादा दबाव है। 22 मार्च को केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कॉमर्शियल LPG के कोटे में 20 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही अब कुल आवंटन बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

### पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईंधन की किल्लत को लेकर अफवाहों का दौर जारी है। देश के कई शहरों से शुरू हुआ पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों का दौर रात होते-होते इंदौर भी पहुंच गया। इसके बाद लोग अपने वाहनों में ईंधन डलवाने के लिए पंपों की तरफ दौड़े। मध्य प्रदेश के इंदौर में बीती रात से पेट्रोल पंप में लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। कई लोग केन और बोतल में पेट्रोल लेते दिखे। लोग अफवाह से इतने प्रभावित हैं कि कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा अफ़वाह का खंडन किए जाने के बाद भी देर रात से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार गयीं। जबकि प्रशासन की ओर से बार-बार ऐलान किया जा रहा है कि सभी डीपों में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल मौजूद है।

### सेंसेक्स में 1,200 अंक की तेजी निफ्टी भी 400 अंक चढ़ा

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। शेयर बाजार में आज यानी 25 मार्च को तेजी है। सेंसेक्स करीब 1,200 अंक की तेजी के साथ 75,300 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 400 अंक की तेजी है, ये 23,300 पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, बैंकिंग और FMCG शेयर्स में ज्यादा बढ़त है। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 93.96 पर आ गया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय शेयर बाजार में सतर्क आशावाद देखने को मिल रहा है।

### पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत आ रहे थे विदेशी हथियार, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आर्म्स ट्रैफिकिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। 10 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आाय है कि यह पूरा नेटवर्क पुरानी दिल्ली से ऑपरेट हो रहा था और इसके तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश तक जुड़े हुए थे। पुलिस ने 21 विदेशी हथियार बरामद किए। जिनमें सबमशीन गन, PX-5.7 पिस्तौल, PX-3 पिस्तौल, शैडो CZ पिस्तौल, बेरेटा पिस्तौल, टॉरस पिस्तौल और वाल्थर पिस्तौल शामिल हैं। PX-5.7 पिस्तौल का इस्तेमाल विशेष रूप से स्पेशल फोर्सेज द्वारा किया जाता है।

### पकड़ लिए गए बलात्कार के आरोपी फरार आप विधायक

**पटियाला।** लंबे समय से फरार चल रहे सनौर विधानसभा क्षेत्र के 'आप' विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा आखिरकार मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पास से धरदबोचा गया। विधायक पठानमाजरा के खिलाफ पटियाला के सिविल लाइन थाने में एक महिला की शिकायत के आधार पर शारीरिक शोषण के गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले हरियाणा के एक गांव में छापेमारी की थी, लेकिन वे वहां से भाग निकले थे। फरारी के दौरान पठानमाजरा ने इंटरनेट मीडिया पर लगातार वीडियो पोस्ट किए ताकि ऐसा लगे कि वे विदेश में हैं। हालांकि, पुलिस की तकनीकी जांच और गुप्त सूचनाओं ने उनकी लोकेशन मध्य प्रदेश में ट्रेस कर ली।

### मासूम से रेप केस में गुरुग्राम पुलिस को बड़ी अदालत ने लगायी फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ हुए रेप मामले में हरियाणा पुलिस और चाइल्ड वेलफेयर कमिटी की कार्यशैली पर तीखा हमला बोला है। कोर्ट ने इसे बेहद संवेदनहीन और शर्मनाक बताया है। बच्ची के माता-पिता ने याचिका दायर कर सीबीआई या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली एसआईटी जांच की मांग की थी, जिसमें पुलिस की लापरवाही और बच्ची को बार-बार थाने-कोर्ट घसीटने की बात कही गई। यह मामला दिसंबर-जनवरी का है, जब गुरुग्राम के एक हाईराइज सोसाइटी में रहने वाली तीन साल की बच्ची पर दो महिला घरेलू नौकरानियों और उनके एक पुरुष साथी ने बार-बार यौन शोषण किया। लेकिन पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। बच्ची को बार-बार पुलिस स्टेशन बुलाया गया, जबकि पुलिस खुद उसके घर पहुंच सकती थी।

### वंदे मातरम के अनिवार्य गायन मामले में याचिका खारिज

● भेदभाव की आशंकाओं को अदालत ने अस्पष्ट ठहराया

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने वंदे मातरम गायन को अनिवार्य बनाए जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका गृह मंत्रालय के एक सर्कुलर के खिलाफ दायर की गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय गीत गाने का निर्देश अनिवार्य नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि मुहम्मद सईद नूरी की तरफ से दायर याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। भेदभाव की आशंकाओं को अदालत ने अस्पष्ट करार दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता हेगड़े ने कहा कि देश में हर धर्म का सम्मान किया जाता है।

### सोनिया की तबीयत बिगड़ी राहुल गांधी ने रद्द किया केरल का दौरा



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राहुल गांधी की जगह चुनाव वाले केरल का दौरा करेंगे। यह घटनाक्रम सोनिया गांधी के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन बाद सामने आया है। उनका वहां इलाज चल रहा है और डॉक्टर उनकी हालत पर नजर रख रहे हैं। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद जनवरी में भी उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### इच्छामृत्यु के बाद हरीश राणा का अंतिम संस्कार



दिल्ली/गाजियाबाद। इच्छामृत्यु पाने वाले गाजियाबाद के हरीश राणा का अंतिम संस्कार हो गया। दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट में बुधवार सुबह 9.40 बजे छोटे भाई आशीष ने मुखाग्नि दी। इससे पहले, हरीश का पार्थिव शरीर श्मशान घाट लाया गया। पिता अशोक राणा (62) ने बेटे हरीश को आखिरी बार प्रणाम किया। पिता ने रोते हुए लोगों से हाथ जोड़कर कहा- कोई रोना मत। बेटा शांति से जाए, इसलिए प्रार्थना कर रहा हूं। बेटा अब जहां जन्म ले, उसे भगवान का आशीर्वाद मिले। 31 साल के हरीश ने कल यानी 24 मार्च को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली थी।

## कांग्रेस को कार्यालय खाली करने की नोटिस पर सियासी बवाल


● भाजपा पर डराने और साजिश रचने का आरोप

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस को अकबर रोड स्थित दशकों पुराना कार्यालय खाली करने का नोटिस भेजने पर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार की डराने और विपक्ष की आवाज को चुप कराने की साजिश करार दिया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को जल्द ही अकबर रोड स्थित अपना पुराना कार्यालय खाली करना पड़ सकता है, जिस पर पार्टी 1978 से काबिज है और जो राष्ट्रीय राजधानी के लुटियंस क्षेत्र में पार्टी की उपस्थिति से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। पार्टी अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में एक बेदखली नोटिस भेजा गया है।




## कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान ने किया ड्रोन अटैक

### ईरान में अब तक 1500 की मौत, 18000 से ज्यादा घायल, 200 से अधिक महिलाएं भी मारी गयीं



● फ्यूल टैंक को किया तबाह, इराक के उग्रवादी संगठन भी अमेरिकी संस्थानों को बना रहे निशाना

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। ईरान ने मंगलवार देर रात कुवैत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट ड्रोन अटैक किया, जिससे वहां मौजूद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत की सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। सेना ने लोगों से अपील की है कि वे सरकार के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। इससे पहले कुवैत के नेशनल गार्ड ने बताया कि उसने अपने इलाके में 5 ड्रोन मार गिराए हैं। वहीं, इराक के एक उग्रवादी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में अमेरिका से जुड़े 23 ठिकानों पर हमले किए हैं। ईरान में अब तक 1,500 लोगों की मौत, 18,551 घायल हो गए हैं। मरने वालों में 8 महीने के बच्चे से लेकर 88 साल तक के बुजुर्ग शामिल हैं। 200 महिलाओं ने भी जान गंवाई है। 28 फरवरी को स्कूल पर हमले में 168 बच्चों की मौत हुई। जंग में 55 हेल्थ वर्कर्स घायल, जिनमें 11 की मौत हो गयी है।

### ईरान ने पाकिस्तानी जहाज को होर्मुज पार करने से रोका

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने पाकिस्तान के कराची जा रहे एक जहाज को होर्मुज स्ट्रेट पार करने से रोक दिया। IRGC के नेवी कमांडर अलीरेजा तंगसीरी ने कहा कि 'सेलेन' नाम के इस जहाज के पास होर्मुज पार करने इजाजत नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस रास्ते से गुजरने वाले हर जहाज को पहले ईरानी अधिकारियों से इजाजत लेनी होगी। यह सारा मामला तब हुआ जब पाकिस्तान इस जंग में मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तानी पीएम श्ने कल ही ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशिकयान से फोन पर बात भी की थी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 25 मार्च, बुधवार 2026 (3)







हनुमान चालीसा का पाठ करते हनुमान ध्वजा प्रभातफेरी समिति के सदस्य व श्रद्धालु।

# गंगा में डूबा युवक

## नाविकों के मना करने के बाद भी चला गया गहरे पानी में



● घूमने के लिए बिहार से आया था वाराणसी

**वाराणसी।** वाराणसी। वाराणसी के पंचगंगा घाट पर स्नान करते समय एक युवक गंगा में डूब गया बताया जा रहा है कि वह अपने दोस्त के साथ वाराणसी घूमने आया था गंगा स्नान करने के बाद सभी काशी विश्वनाथ धाम दर्शन करने के लिए जाने वाले थे लेकिन गहरे पानी में जाने के कारण उनका पैर फिसल गया और गंगा में डूब गए। मृतक की पहचान श्याम कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार के रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। नाविकों ने बताया कि जब युवक स्नान कर रहे थे उस दौरान उनके साथी फोटो खींच रहा था। दोनों को गहरे पानी में जाने के लिए मना किया गया था लेकिन नहीं माने हालांकि जब वह डूब रहा था तो कुछ लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई आधे घंटे के अंदर एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। एनडीआरएफ की टीम ने लगभग आधे घंटे गंगा के पानी में युवक का तलाश किया जिसके बाद उसका शव बाहर निकल गया। मेडिकल चेकिंग के दौरान उसे मृत्यु पाया गया इसके बाद उसकी बॉडी को शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने युवक के पिता को इसकी जानकारी दे दी है। बताया जा रहा है कि अभी वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था घर में उसके पिता एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।

## बारिश-ओले का अलर्ट, चलेंगी सर्द हवाएं, तापमान भी लुढ़केगा



**वाराणसी।** मौसम फिर बिगड़ने वाला है। पिछले हफ्ते शुरू हुआ आंधी-बारिश का दौर मार्च के अंत तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में 26 से 30 मार्च के बीच दो अलग-अलग वेदर सिस्टम की संभावना जताई है। इससे गरज-चमक के साथ बारिश होगी। ओले भी गिर सकते हैं। लंबे समय से बादलों की बेरुखी का रुख बदलेगा और अब बादलों की आवाजाही शुरू होगी। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार अगते दो तीन दिनों के भीतर बादलों की आवाजाही शुरू हो सकती है। नमी में इजाफा बूंदाबांदी भी करा सकती है। मौसम विभाग ने भी बादलों की आवाजाही के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुरूप रुख बदला तो पूर्वांचल में मौसम बदल जाएगा। आज बुधवार की सुबह भी वातावरण में ठंडक का असर बना रहा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का यह असर माना जा रहा है

## इफ्तार पार्टी मामले में अधिवक्ता को धमकी, थाने में प्राथमिकी

**वाराणसी।** मोटर बोट पर इफ्तार पार्टी और गंगा में चिकन की हड्डियां फेंकने के मामले अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर कैंट थाने की पुलिस ने मंगलवार की देर रात छह अज्ञात लोगों के खिलाफ धमकी देने सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## प्रभु को लाल ध्वजा अर्पित कर सामूहिक संकटमोचन में हनुमान चालिसा का पाठ

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वाधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के आज छठे दिन कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने आज के मुख्य अतिथि समाज सेवी विनोद लोहिया, अनूप अग्रवाल का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि द्वारा हनुमान प्रभु की आरती की गई। 121 भक्तों में लाल ध्वजा वितरण की गई एवं 31 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमानजी के चरणों में सभी भक्तों द्वारा लाल ध्वजा अर्पित किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण मे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई और सवामनी प्रसाद के रूप मे लड्डू व संतरे का वितरण हुआ । संगीता मुंद्रा, महेंद्र शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। हनुमान दीवाने चल पड़े लाल ध्वजा ले हाथ भजन पर भक्त मंत्र मुक्त हो गए। मानस मंदिर के पास बेला जैन व निशांत जैन द्वारा हनुमानजी की आरती कर भक्तों पर पुष्प वर्षा की।मारवाड़ी युवा फाउंडेशन अरिंदम शाखा द्वारा त्रिदेव मंदिर के सामने हनुमान जी की आरती कर भक्तों में जल वितरण किया गया।

## कफ सीरप प्रकरण में सरगना शुभम के खिलाफ कुर्की का नोटिस चस्पा

**वाराणसी।** करीब 2000 करोड़ रुपये के कफ सीरप तस्करी प्रकरण में फरार चल रहे सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी (14वां वित्त आयोग) मनोज कुमार द्वितीय ने मंगलवार को कुर्की पूर्व की उद्घोषणा जारी करते हुए उसे 27 अप्रैल तक उपस्थित होने का आदेश दिया है।

## विश्व टीबी दिवस पर विधायक ने किया पोषण पोटली का वितरण



**वाराणसी।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंगलवार को कबीर चौरा स्थित मंडलीय चिकित्सालय में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) उन्मूलन की दिशा में चल रहे अभियान के अंतर्गत जिले की कुल 694 ग्राम पंचायतों में से 387 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। साथ ही, उन्होंने 5 निक्षय मित्रों एवं 3 टीबी चैंपियनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## पहाड़ी गांव में निकली मां शीतला की परिक्रमा यात्रा





● महिलाओं ने की बड़ी संख्या में भागीदारी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** रोहनिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पहाड़ी में वांसतिक नवरात्रि के छठवें दिन माता शीतला भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव की परिक्रमा की गयी जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने प्रमुखता से भागीदारी की। परिक्रमा यात्रा के बाद मां का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात् प्रतिमा की निर्धारित स्थान पर स्थापना की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनंत यादव (भगतजी), अशोक यादव, ब्रजेश यादव, विजय पटेल, दशरथ पटेल, गप्पू पटेल, पारस पटेल, आनंद पटेल, आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पं0 दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में मण्डल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारियों की बैठक संपन्न



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भाजपा महानगर गुलाब बाग कार्यालय पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 मण्डल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारियों की बैठक महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा सभी मण्डलों के प्रशिक्षण वर्ग को 13 अप्रैल, 2026 से पूर्व पूर्ण करना है। मण्डल प्रशिक्षण वर्ग आयोजन हेतु निर्धारित श्रेणी के अनुसार कार्यकर्ताओं की अपेक्षित सूची 7 दिन पूर्व जिला कार्यालय से प्राप्त करके फाइनल कराना।

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कूड़ा उठान करने वाली कार्यदायी संस्था 'वाराणसी वेस्ट सॉल्यूशन' की कार्यप्रणाली और भुगतान में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति का गठित कर दी है। समिति से सप्ताहभर में के जांच रिपोर्ट मांगी गई है ।

## टी.बी मरीज के लिए बीच में दवा छोड़ना खतरनाक : डॉ.एस के पाठक



**वाराणसी, ( जनमुख डेस्क )।** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी, वाराणसी द्वारा 'विश्व टी.बी दिवस' (24 मार्च 2026) की पूर्व संध्या को ब्रेथ ईजी कांफ्रेंस हाल, अस्सी वाराणसी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में वरिष्ट टी.बी, श्वास एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस के पाठक ने बताया कि हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। 'टी.बी अब लाइलाज बीमारी नही है, इसका पूरा इलाज संभव है, तथा इस इलाज में 6-8 माह का समय लगता है, और टी.बी पूर्णतः ठीक हो सकती है। डॉ पाठक ने आगे बताया कि 'कई बार मरीज को लगता है कि वह ठीक हो गया हैं, और बीच में ही चिकित्सक को बिना बताए अपनी दवा छोड़ देता हैं, ऐसे में मरीज अपने अन्दर एम.डी.आर यानी बहुत ही खतरनाक वाले टी.बी के कीटाणु को पनपने लगते हैं। जोकि मरीज को फिर से बीमार कर देते हैं। कई बार इससे मरीज की जान भी चली जाती हैं। इसलिए जब तक चिकित्सक न कहे, अपनी दवा बंद न करें। 'टी.बी के लक्षणों में दो हफ्तों से ज्यादा खासी आना शाम के समय प्रायः बुख़ार का आना, कफ़ में खून व बलगम का आना, लगातार वजन का घटना आदि मुख्यतः होते हैं।

## 'वसंत सभागार' में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** साखी शोधशाला, वाराणसी, वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट वाराणसी एवं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट के 'वसंत सभागार' में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : 'वरुणा संवाद' का उद्घाटन समारोह कवि कथाकार उदय प्रकाश, प्रो अवधेश प्रधान प्रो अलका सिंह, प्रो सदानंद शाही, प्रो. शिव बहादुर सिंह, प्रो. मृदुला सिन्हा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अलका सिंह ने सभी का स्वागत किया । प्रो सदानंद शाही ने साखी शोधशाला का परिचय देते हुए, वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की दशा और दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## वाराणसी को राष्ट्रीय कौशल चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान





● डीपीएस के विद्यार्थियों ने जीती ट्राफी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** राष्ट्रीय कौशल चैम्पियनशिप', जो प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली परिसर में आयोजित द्वि-दिवसीय कार्यक्रम था, में पूरे भारत के विद्यालयों से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इसने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और नवाचार प्रदर्शित करने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी के विद्यार्थियों में आरुषि सिंह, यशवर्धन जैन (कक्षा 12), आदित्य बी.एन., कृति पांडेय (कक्षा 10) तथा अक्षत पांडेय (कक्षा 9) ने अपनी असाधारण प्रतिभा एवं दक्षता का परिचय देते हुए, टीम ने 'ब्रांडफोर्ज' नामक परियोजना पर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 15,000 की नकद राशि एवं एक ट्रॉफी अर्जित की।

## वरुणापार जोन कार्यालय पर अचानक धमके नगर आयुक्त



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा आज वरुणापार जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, नागरिक सुविधाओं एवं विभिन्न पटल पर संचालित कार्यों का गहन अवलोकन किया गया। नगर आयुक्त ने पटल सहायकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, पीला कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तथा डिमांड एवं असेसमेंट रजिस्टर/अभिलेखों, जन्म मृत्यु पंजीयन आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपादित किए जाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।





## नाव पर इफ्तार करने वालों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा न्यायसंगत नहीं

● साझा संस्कृति ने अपर पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** आज दिनांक 24 मार्च को साझा संस्कृति मंच की ओर से अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी से मिलकर बताया गया कि नाव पर इफ्तार से जुड़े प्रकरण में एक वायरल वीडियो के आधार पर 14 युवकों की गिरफ्तारी, उन पर कठोर धाराएँ लगाकर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की कार्रवाई के मुद्दे पर मुस्लिम समुदाय के मन में भय का माहौल है। कार्यवाही की जांच, विधिक नैतिकता और व्यापक प्रक्रिया की वस्तु है और अपनी जगह जायज है। लेकिन उसी समय मीडिया ट्रायल और धर्म विशेष से जुड़े प्रतीकों पर सोशल मीडिया से लेकर तमाम सार्वजनिक मंचों पर अपमानजनक बाते हो रही हैं जो कि समाज के सौहार्द और व्यवस्था को चोट पंहुचा रहे है। ज्ञापन देने वाले समूह का नेतृत्व डॉ आनंद प्रकाश तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में दशाश्वमेध पर आरती स्थल के निकट एक मुस्लिम युवक के साथ मारपीट, बजरडीहा क्षेत्र में बल्ब तोड़ने के मामले में नाबालिग़ लड़कों को पत्थरबाज़ बताना और जेल भेजना आदि घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली है।

## युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर हनुमान की पूजा, मजार पर चादरपोशी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के जन्मदिन के अवसर पर वाराणसी में महानगर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी की ऐतिहासिक गंगा–जमुनी तहज़ीब की परंपरा को जीवंत करते हुए मंदिर में पूजा-अर्चना और मजार पर चादरपोशी कर आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इस क्रम में कैंट विधानसभा युवा कांग्रेस इकाई द्वारा गुरुधाम चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ दर्शन-पूजन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। वहीं दूसरी ओर दक्षिणी विधानसभा युवा कांग्रेस इकाई द्वारा बेनियाबाग स्थित हज़रत रहीम शाह बाबा की मजार शरीफ पर चादरपोशी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और कामयाबी के लिए विशेष दुआ की गई।

जनमुख परामर्श मंडल

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों के साथ की गयी बैठक



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिक से संख्या में असंतुष्ट फिडबैक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता नगरीय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, ज्येष्ठ खान अधिकारी को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर वेतन भुगतान पर रोक व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0 आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें।

## मऊ समाचार

### गड्ढे में दबा मिला नवजात बालक का शव

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के हिलसा कोड़रा गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास मंगलवार की सुबह गड्ढे में नवजात बालक का शव दबा मिला। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गड्ढा खोदकर शव निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक विद्यालय के पास सुनसान स्थान पर किसी ने गड्ढा खोदकर शव दफना दिया था और कपड़ा वहीं छोड़ दिया। शव अंदर न दबने और कपड़े के कारण आसपास अधिक संख्या में कुत्ते घूम रहे थे। ये देख वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने प्रधान पति को सूचना दी। न्होंने डायल 112 को सूचित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनाथ राय ने बताया कि फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और गड्ढा खोदवाकर नवजात का शव निकाला गया। बताया कि शव कपड़े में लिपटा हुआ था।

## मीरजापुर समाचार

### महावीर जयंती के अवसर पर कोषागार/ एजेंसी बैंक की शाखाएं सामान्य कार्य दिवस की भांति रहेंगे खुले

**मीरजापुर।** मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासनादेश संख्या 5/2026/ए-1-11/दस-2026-10-1099/276/ 2020 वित्त (लेखा) अनुभाग-1 लखनऊ 17 मार्च 2026 के क्रम में 31 मार्च 2026 (महावीर जंयती) को कोषागार/एजेन्सी बैंक की शाखाओं को खोले जाने के निर्देश प्राप्त है तदक्रम में कोषागार 31 मार्च 2026 (महावीर जंयती) को समान्य कार्य दिवस के भांति कोषागार/ एजेन्सी बैंक खुले रहेंगे। उपरोक्त निर्देश के क्रम में कोषागार के साथ-साथ वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर-503 के अधीन ऐसे बैंको की सभी शाखाएँ, जो सरकारी लेन-देन का कार्य करती हो, को खोले जाने की व्यवस्था कराने का कष्ट करे। शासन की मंशा के अनुरूप उपलब्ध बजट का समयान्तर्गत वित्तीय नियमों के अधीन उपयोग करते हुए देयक कोषागार में प्रस्तुत करते हुए समय समस्त बिंदुओं पर कार्यवाही करना करें सुनिश्चित।

शासनादेश संख्या 3/2026/ए-1-08-2026/ 10-31/4/ 2022 वित्त (लेखा) अनुभाग-1 लखनऊ 12 मार्च 2026 के प्राविधानों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025.26 में आहरण वितरण अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत होने वाले देयको का कोषागारों से समयान्तर्गत भुगतान सुनिश्चित हो सके, के दृष्टिगत निम्न निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चत किया जॉय। शासनादेश संख्या 5/2026/ए-1-11/दस-2026-10-1099/ 276/2020 वित्त (लेखा) अनुभाग-1 लखनऊ 17 मार्च 2026 के कम में 31 मार्च 2026 (महावीर जंयती) को कोषागार/ एजेन्सी बैंक की शाखाओं को खोले जाने के निर्देश प्राप्त है।

## बलिया समाचार

### सिविल के अध्यक्ष बने जितेंद्र बहादुर और महासचिव सतेंद्र

**बलिया।** सिविल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र बहादुर सिंह ने 225 मत प्राप्त किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सिद्धनाथ राय को कुल 134 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र को 91 मतों से जीत मिली। वही, महासचिव पद पर सतेंद्र कुमार सिंह ने 232 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। हेमंत तिवारी को 84 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पीयूष सिंह ने 215 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी राधेश्याम पांडे को 66 मतों से शिकस्त दी है। शेष पदों पर पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन घोषित कर दिए गए हैं। चुनाव का परिणाम घोषित करने के उपरांत चुनाव अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल विद्यासागर मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता चुनाव अधिकारी पीएन ने हारे प्रत्याशियों को ईमानदारी से मेहनत करने की नसीहत दी और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देवरिया समाचार

### सुरक्षा एजेंसियों की बैठक के बाद संयुक्त चेकिंग अभियान तेज

**खुनुवां।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को ऑपरेशन 'कवच' के तहत पुलिस चौकी परिसर खुनुवां में बैठक हुई। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार पासवान ने की, जिसमें स्थानीय व्यापारी एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सीमा सुरक्षा, नशीली पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गो-तस्करी तथा भारत-नेपाल के अलावा अन्य देशों के अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सीमा चौकियों पर एसएसबी की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय को लेकर रणनीति बनाई। इस दौरान सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों जैसे नशे की तस्करी, मानव तस्करी और सीमावर्ती कस्बों में अवैध पटाखा भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साथ ही, गांवों में रात के समय चोरी की अफवाहों पर रोक लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने और सही समय पर पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। बैठक में निष्क्रिय ग्राम सुरक्षा समितियों को पुनर्गठित करने पर भी चर्चा हुई ताकि स्थानीय स्तर पर निगरानी को और मजबूत किया जा सके।

संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। बैठक के बाद प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर सीमा पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया।

## आजमगढ़ समाचार

### अप्रैल से सख्ती, बिना मानक चल रहीं स्कूल बसों पर होगी कार्रवाई

**आजमगढ़।** निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए परिवहन विभाग अप्रैल से पूरे जनपद में बिना फिटनेस और परमिट के संचालित स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाएगा। इसके लिए राज्य परिवहन आयुक्त स्तर से अनुमति मिल चुकी है। विभाग अब सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। एआरटीओ प्रवर्तन अतुल कुमार यादव ने बताया कि परिवहन विभाग के अनुसार जनपद में स्कूली वाहन के रूप में करीब 1500 वाहन संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश वाहनों के पास फिटनेस और परमिट नहीं है। वहीं कुछ ऐसे वाहन भी हैं जो स्कूल वाहन के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते हैं। मार्च माह में चलाए गए अभियान के दौरान विभाग ने पाया कि बहुत कम वाहन ही विभागीय मानकों पर खरे उतर रहे हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### फोन न उठाने पर पत्नी को लाठी से पीटकर मार डाला



**धनपतगंज।** पति का फोन न उठाना पत्नी को भारी पड़ गया। नाराज पति सोमवार शाम जब घर पहुंचा तो इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि सेवरा (चरथई) निवासी पति नकछेद ने अपनी पत्नी कुसुम (46) की मंगलवार सुबह लाठी से पीटकर हत्या कर दी। मृतका के चचेरे देवर की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों के मुताबिक नकछेद मजदूरी करता है। सोमवार शाम नकछेद ने पत्नी कुसुम को फोन किया। किसी कारणवश कुसुम फोन नहीं उठा सकीं। इसी बात से नकछेद नाराज हो गया। रात में घर पहुंचा तो उसका पत्नी से विवाद हो गया। रात बीतने के बाद मंगलवार सुबह फिर पति व पत्नी के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि बात बढ़ने पर पति ने लाठी से अपनी पत्नी कुसुम पर हमला कर दिया। आरोपी की पिटाई से गंभीर रूप से घायल कुसुम की घर में ही मौत हो गई। शोर सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो कमरे में नजारा देखकर अवाक रह गए। कुसुम देवी घायल अवस्था में फर्श पर पड़ी थीं, उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने धनपतगंज पुलिस को वारदात की जानकारी दी। धनपतगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतका के चचेरे देवर राम नेवल कोरी की तहरीर पर आरोपी नकछेद के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कुसुम के दो पुत्र व एक पुत्री है। बड़ा पुत्र तिलकराज (22) बाहर रहता है। छोटा पुत्र उदयभान (09) व पुत्री दीक्षा (08) घटना के समय घर पर मौजूद थे। मां की मौत से बच्चे पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वारदात से बच्चे दहशत में हैं।

## गाजीपुर समाचार

### हाईटेंशन तार के स्पर्श में लोहे का पाइप, किशोर की मौत

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के पचोखर गांव में टेंट के लोहे का पाइप उठाते समय 11 हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मंगलवार की दोपहर एक किशोर की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दीपक कुमार चौहान (15) मूल रूप से रेवतीपुर थाने के उतरौली का रहने वाला है। बचपन से ही वह मां पूनम, बहन अंजली और भाई प्रीतम के साथ ननिहाल पचोखर गांव में रहता था। टेंट की लोहे का पाइप उठाते समय विद्युत तार के स्पर्श में आकर झुलसकर किशोर की मौत हो गई। पिता शैलेश चौहान दिल्ली में रहकर काम करते हैं।सूचना पर वह गांव के लिए रवाना हो गए है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भदोही समाचार

### जमीन के विवाद में किसान को जलाया, पूर्व प्रधान और उसके बेटे पर लगा आरोप



**भदोही (मोढ़)।** भदोही के मकनपुर गांव में सोमवार की रात में जमीन के विवाद में राजबली यादव (52) जल गए। पीड़ित ने अपने भाई पूर्व प्रधान राजपति यादव और भतीजे राहुल यादव पर केरोसीन तेल डालकर जलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का इलाज सौ शैय्या बर्न यूनिट अस्पताल में चल रहा है। एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि आरोपी भतीजे को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों परिवार के बीच कई सालों से जमीन का विवाद चल रहा है। सोमवार की रात में राजबली घर में सोए थे। देर रात लघुशंका करने के लिए उठे। आरोप है कि पूर्व प्रधान, उनका बेटा राहुल दोनों लोगों ने मिलकर उनके ऊपर केरोसीन तेल फेंक दिया। इसके बाद माचिस जलाकर फेंककर भाग गए। आग की लपटों में घिरने के बाद वे शोर मचाने लगे। शोर सुनकर परिजन घर से बाहर निकले और कंबल डालकर आग बुझाते हुए उनको लेकर नजदीक के एक अस्पताल पहुंचे। जहां से उन्हें महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल भेज दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद सौ शय्या अस्पताल के बर्न यूनिट के लिए रेफर कर दिया। एमबीएस अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरआर मौर्या ने बताया कि पीड़ित राजबली के शरीर का लगभग 20 फीसदी हिस्सा जला है। इंफेक्शन न फैले इसलिए बर्न यूनिट में ट्रांसफर किया गया है।

## जौनपुर समाचार

### अपने ही ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत,चालक गंभीर

**जौनपुर।** प्रयागराज मार्ग पर भीखपुर पेट्रोल पम्प के पास मंगलवार की अलसुबह सड़क हादसे में अपने ही ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जौनपुर की तरफ से सीमेंट लादकर एक ट्रक प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक जैसे ही भीखपुर (पुरऊपुर) पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा उसमें कुछ खराबी आ गई। चालक अशोक कुमार गुप्ता (50)निवासी चाकघाट रीवां मध्यप्रदेश अपने खलासी रूपेश कुमार केवट (25) निवासी चाकघाट रीवां मध्यप्रदेश के साथ ट्रक से नीचे उतरकर सड़क किनारे ट्रक को खड़ी कर दिया।

ट्रक में आई खराबी को ट्रक के नीचे जाकर ठीक करने लगे। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ जा रही अनियंत्रित ट्रक ने खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया।

## प्रयागराज समाचार

### नींव की खोदाई के बाद पिलर बांधने के दौरान बगल का मकान ढहा, मजदूर की मौत



**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के साउथ मलाका में मंगलवार को एक प्लॉट की नींव की खोदाई के बाद पिलर बांधने के दौरान बगल के जर्जर मकान का एक हिस्सा ढहने से मजदूर विनोद कुमार (40) की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य मजदूर शारदा घायल हो गया। घटना के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। साउथ मलाका के रहने वाले प्रकाश केस-रवानी के मकान के बगल में स्थित एक प्लॉट की नींव की खोदाई और बीम बांधने का काम चल रहा था। ठेकेदार की देखरेख में नौ मजदूर काम कर रहे थे। मिर्जापुर जिले के थाना हलिया के भैसोड़ा गांव निवासी मजदूर विनोद भी अपनी पत्नी रन्नो के साथ यहां काम करने आया था। वहीं, शारदा भी उसी के गांव का रहने वाला है। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे प्रकाश केसरवानी के मकान का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। मजदूर विनोद और शारदा इसकी चपेट में आ गए। सूचना पर डीसीपी नगर मनीष शांडिल्य, एसीपी कोतवाली रवि गुप्ता, कोत-वाली प्रभारी संजय राय समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की मदद से दोनों मजदूरों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान विनोद की मौत हो गई, जबकि शारदा की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद कोतवाली के अलावा जार्ज टाउन, अतरसुइया समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि सभी मजदूर मेडिकल कॉलेज परिसर में ठहरे थे। पुलिस ठेकेदार की तलाश में जुट गई है। वहीं, विनोद की मौत से पत्नी रन्नो का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। निर्माण कार्य कौन करा रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है। मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हुई है। फरार ठेकेदार की तलाश की जा रही है।

## गोरखपुर समाचार

### पारिवारिक विवाद में पति की पीटकर ले ली जान, पत्नी और बेटा गिरफ्तार



**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र स्थित काशीराम आवास में पारिवारिक विवाद ने मंगलवार देर रात गंभीर रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश बेलदार के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात करीब 12:30 बजे घर के भीतर किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान रमेश बेलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से मृतक के दोनों बेटे घर से फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चंदौली समाचार

### नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा, मुगलसराय में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**चंदौली।** जिले के मुगलसराय क्षेत्र में नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और श्रद्धा का माहौल बन गया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि मां दुर्गा का सातवां स्वरूप हैं। उन्हें अत्यंत शक्तिशाली और दयालु देवी माना जाता है। उनका स्वरूप भले ही भयंकर और उग्र दिखाई देता हो, लेकिन वे अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं, इसी कारण उन्हें 'शुभंकरी' भी कहा जाता है।

मां कालरात्रि का वर्ण घने अंधकार के समान काला है। उनके खुले बिखरे बाल, गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला और तीन विशाल नेत्र उनके अद्भुत स्वरूप को दर्शाते हैं। मान्यता है कि उनकी श्वास से अग्नि निकलती है और वे गर्दभ (गधे) पर सवार रहती हैं।



उनके दाहिने हाथ वर मुद्रा और अभय मुद्रा में होते हैं, जो भक्तों को आशीर्वाद और निर्भयता का संदेश देते हैं। वहीं, बाएं हाथों में वे खड्ग (तलवार) और लोहे का कांटा धारण किए रहती हैं।

मां कालरात्रि को अंधकार और नकारात्मक शक्तियों का नाश करने वाली देवी माना जाता है। उनके स्मरण मात्र से दानव, दैत्य, भूत-प्रेत और समस्त आसुरी शक्तियां दूर भाग जाती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि उनकी उपासना से ग्रह बाधाएं समाप्त होती हैं और अग्नि, जल, शत्रु तथा रात्रि भय से मुक्ति मिलती है।

इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के मंत्रों का जाप कर सुख-समृद्धि और भयमुक्त जीवन की कामना की। स्थानीय प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## लाइफ मंत्र

### चैत्र नवरात्रि में हवन कब करें? जानें सही तारीख, मुहूर्त और पूरी सामग्री लिस्ट

चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसमें भक्त पूरे नौ दिनों तक मां माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। नवरात्रि का समापन हवन पूजन के साथ किया जाता है, जिसे पूजा की पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, हवन करने से देवी मां शीघ्र प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं वर्ष 2026 में नवरात्रि हवन की सही तारीख, शुभ मुहूर्त और आवश्यक सामग्री—



**नवरात्रि हवन पूजन 2026: कब करें?**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, चैत्र नवरात्रि में हवन पूजन 26 मार्च 2026 को करना सबसे अधिक शुभ माना गया है। इस दिन अष्टमी और नवमी दोनों तिथियां पड़ रही हैं

**हवन का शुभ समयः सुबह 11:49 बजे के बाद**

वहीं, जो श्रद्धालु उदया तिथि के अनुसार नवमी मनाते हैं, वे 27 मार्च 2026 को भी हवन कर सकते हैं—

**शुभ मुहूर्तः सुबह 06:18 बजे से दोपहर 01:59 बजे तक**

**हवन का महत्व**

नवरात्रि में हवन पूजन का विशेष महत्व होता है। यह न केवल पूजा को पूर्ण करता है, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। मान्यता है कि हवन की अग्नि में दी गई आहुति से—

नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। वातावरण शुद्ध होता है। देवी माता दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है। इसके साथ ही श्रद्धालु हवन के माध्यम से पूजा में हुई भूल-चूक के लिए क्षमा भी मांगते हैं।

**नवरात्रि हवन सामग्री लिस्ट**

हवन पूजन के लिए निम्नलिखित सामग्री आवश्यक मानी जाती है—

हवन कुंड, हवन सामग्री, रोली और चंदन, अगरबत्ती और कपूर, सूखा नारियल, लाल कलावा, पान के पत्ते, मिष्ठान (मिठाई), देसी घी, पवित्र लकड़ी, आम या केले के पत्ते, 5 प्रकार के फल, शहद, लाल कपड़ा, सुपारी, गंगाजल और चरणामृत, गुग्गल और लोबान, फूलों की माला और अक्षत (चावल)

हवन करते समय रखें ध्यान

हवन हमेशा शुद्ध और शांत वातावरण में करें।

सभी सामग्री पहले से तैयार रखें। मंत्रों का उच्चारण सही तरीके से करें। हवन के बाद कन्या पूजन अवश्य करें। 26 मार्च का दिन सबसे अधिक शुभ माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन अष्टमी और नवमी दोनों तिथियां हैं। हालांकि, 27 मार्च को भी हवन किया जा सकता है। यदि आप श्रद्धा और विधि-विधान से हवन करते हैं, तो मां माता दुर्गा की कृपा से आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

# क्या Baking Soda से दांत साफ करना है सही, एक्सपर्ट्स ने बताया पूरा सच



बेकिंग सोडा जिसको सोडियम बाइकार्बोनेट के नाम से जानते हैं। इसमें अल्कलाइन प्रॉपर्टी पाई जाती है। जोकि दांतों की हेल्थ के लिए सही है। इसका इस्तेमाल करने से दांतों की ऊपरी परत के दाग-धब्बे दूर होते हैं। नियमित रूप से दांतों की सफाई के लिए दो बार ब्रश करना चाहिए। यह आपकी ओरल हेल्थ के लिए भी सही है। इससे दांतों में कैविटी नहीं लगती है और न ही मसूड़ों से संबंधित समस्या होती है। कुछ लोग दांतों की क्लीनिंग के लिए सिर्फ बाजार में मिलने वाले पेस्ट का उपयोग नहीं करते हैं। इसके अलावा दांतों पर बेकिंग सोडा भी लगाते हैं। ऐसे में यह सवाल जरूर मन में उठता है कि दांतों पर बेकिंग सोडा लगाना कितना सही है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या बेकिंग सोडा का रोजाना कर सकते हैं। बेकिंग सोडा जिसको सोडियम बाइकार्बोनेट के नाम से जानते हैं। इसमें अल्कलाइन प्रॉपर्टी पाई जाती है। जोकि दांतों की हेल्थ के लिए सही है। इसका इस्तेमाल करने से दांतों की ऊपरी परत के दाग-धब्बे दूर होते हैं। प्लाक कम करते हैं और मुंह का एसिड भी बेअसर हो जाता है। देखा जाए, तो दांतों पर बेकिंग सोडा लगाना पूरी तरह सुरक्षित है। हेल्थ एक्सपर्ट इसको ओरल क्लींजर भी कहते हैं। इससे दांतों का पीलापन दूर हो जाता है और दाग-धब्बे भी निकलते हैं।

**कितनी बार यूज करें**

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो सप्ताह में सिर्फ दो बार बेकिंग का इस्तेमाल करना काफी होता है। इससे ज्यादा बेकिंग सोडा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे दांतों को फायदा होने की जगह नुकसान हो सकता है। ओरल हाइजीन के लिए आप रोजाना दो बार ब्रश करें और समय-समय पर फ्लॉसिंग भी करनी चाहिए।

**बेकिंग सोडा यूज करने के नुकसान**

अगर आप रोजाना बेकिंग सोडा का दांतों पर इस्तेमाल करते हैं, तो यह सही नहीं है। इससे दांतों का इनेमल कमजोर हो सकता है, जिससे दांतों की सेंसिटिविटी बढ़ सकती है। यह मसूड़ों को भी प्रभावित करता है। हेल्थ एक्सपर्ट भी बताते हैं कि अगर किसी ने अपने दांतों पर क्राउन, ब्रेसेस या कैप लगा रखी है, तो उन लोगों को भी बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कम करना चाहिए। ज्यादा इस्तेमाल करने से दांतों पर उपयोग हुए प्रोडक्ट कमजोर होकर निकल सकते हैं।

**फायदे**

बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से दांतों की चमक बढ़ती है और दाग-धब्बे दूर होते हैं। बेकिंग सोडा की सहायता से प्लाक दूर होता है। मुंह से मौजूद एसिड भी बेकिंग सोडा से माइल्ड हो जाता है। बेकिंग सोडा में अल्कलाइन पाया जाता है, जोकि मुंह की बदबू दूर करता है। बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से मुंह की बदबू से छुटकारा मिलता है।



# क्या होगा अगर आप रोज खाएं अंडा? Expert ने बताए दिमाग से लेकर आंखों तक के लिए इसके Health Benefits

**विशेषज्ञों के अनुसार, अंडा सिर्फ जिम जाने वालों के लिए नहीं, बल्कि हर किसी के लिए एक सुपरफूड है, जो दिमाग, कोलेस्ट्रॉल, आंख, त्वचा और बालों के स्वास्थ्य में सुधार करता है। यह प्रोटीन और कोलीन जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर है, जो मेमोरी और फोकस बढ़ाने में मदद करता है।**

अंडा आपके लिए सबसे बेहतरीन नाश्ता साबित हो सकता है क्योंकि यह प्रोटीन और कई जरूरी पोषक तत्वों का खजाना है। अक्सर लोग यह सोचते हैं कि अंडा सिर्फ उन्हीं के लिए है जो जिम जाते हैं या भारी कसरत करते हैं। लेकिन सच तो यह है कि चाहे आप वर्कआउट करें या न करें, आपके शरीर को प्रोटीन की जरूरत हमेशा होती है। अच्छी बात यह है कि आप इसे अपनी डेली डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। कैलिफोर्निया के मशहूर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी (एम्स, हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड से प्रशिक्षित) ने बताया है कि लगातार 14 दिनों तक अंडा खाने से शरीर पर क्या असर पड़ता है।

**दिमागी ताकत और एकाग्रता में बढ़ोतरी**

डॉ. सेठी के अनुसार, अंडे में 'कोलीन' नाम का एक खास पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह शरीर में 'एसिटाइलकोलीन' बनाने में मदद करता है, जो एक महत्वपूर्ण न्यूरोट्रांसमीटर है। यह तत्व हमारी याददाश्त को तेज करने और किसी भी काम में फोकस यानी एकाग्रता बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है।

**कोलेस्ट्रॉल लेवल में सुधार**

ज्यादातर लोग अंडे की जर्दी में मौजूद कोलेस्ट्रॉल को लेकर डरे रहते हैं और इसी वजह से इसे रोज नहीं खाते। हालांकि, डॉ. सेठी का कहना है कि नियमित रूप से अंडे खाने से असल में कोलेस्ट्रॉल की प्रोफाइल बेहतर हो सकती है। कई लोगों में अंडा खाने से 'एचडीएल' यानी शरीर के लिए फायदेमंद 'अच्छे कोलेस्ट्रॉल' की मात्रा बढ़ जाती है।

**आंखों की रोशनी और सुरक्षा के लिए फायदेमंद**

रोजाना अंडा खाने से हमारी आंखों को खास सुरक्षा मिलती है। डॉ. सेठी ने समझाया कि अंडे की जर्दी में 'ल्यूटिन' और 'जेक्सैंथिन' जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। ये तत्व मोबाइल और कंप्यूटर से निकलने वाली हानिकारक नीली रोशनी (ब्लू लाइट) को फिल्टर करते हैं और बढ़ती उम्र में भी आंखों को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

**त्वचा और बाल के लिए जरूरी**

अंडे में सल्फर वाले अमीनो एसिड होते हैं, जो शरीर में 'केराटिन' बनाने में मदद करते हैं। केराटिन एक ऐसा प्रोटीन है जो हमारे बालों, नाखूनों और त्वचा की बनावट के लिए सबसे अहम है। इसे खाने से आपकी स्किन हेल्दी रहती है और बालों की मजबूती बढ़ती है।

**शाकाहारी लोगों के लिए विकल्प**

जो लोग अंडा नहीं खाते, उनके लिए डॉ. सेठी ने बेहतरीन प्लांट-बेस्ड विकल्प भी सुझाए हैं। सोया से बनी चीजें जैसे टोफू, टेम्पेह और एडामे प्रोटीन के मामले में अंडे के सबसे करीबी और बढ़िया शाकाहारी विकल्प माने जाते हैं।

# Healthy समझकर गन्ने का रस पी रहे हैं? इन 5 Health Problems में यह बन सकता है 'जहर'



गर्मी में ताजगी देने वाला गन्ने का रस कुछ महिलाओं के लिए नुकसानदायक हो सकता है, खासकर जिन्हें डायबिटीज, फैटी लिवर या किडनी की समस्या है। इसमें मौजूद हाई शुगर और कैलोरी ब्लड शुगर बढ़ाने के साथ ही वजन और लिवर से जुड़ी परेशानियां भी बढ़ा सकती है।

समर सीजन में सबसे ज्यादा गन्ने का रस पिया जाता है। यह एक प्रकार ठंडा और रिफ्रेशिंग ड्रिंक है। गन्ने का जूस पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है और भरपूर एनर्जी मिलती है। हालांकि इसका जूस हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता है। आमतौर पर कई महिलाएं इसको नेचुरल और हेल्दी जानकर बिना-समझे इसको पी लेते हैं। लेकिन उनको इसके नुकसान नहीं पता। अगर आप गन्ने के रस को अधिक मात्रा में पीते हैं, तो इससे आपके शरीर को काफी नुकसान हो सकता है। जिन लोगों को कुछ हेल्थ कंडीशन्स हैं, तो आप गन्ने का रस आपके लिए परेशानी बन जाएगा। आइए आपको बताते हैं इसके नुकसान।

**डायबिटीज**

यदि आप डायबिटीज के मरीज है, तो आप गन्ने का रस अधिक न पिएं। वहीं, डॉक्टर की बिना सलाह के गन्ने का रस न पिएं। क्योंकि गन्ने के रस में लगभग 40-50 ग्राम शुगर होती है। इसका ग्लाइसेमिक लोड हाई (20-25) होता है। इसके सेवन से तेजी से आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाएगा।

**वेट लॉस**

अगर आप बढ़ते हुए वजन से परेशान है और मोटापा कम करने की कोशिश में लगे हुए है, तो आपको गन्ने का रस पीने से बचना चाहिए। इसमें 150-180 कैलोरी होती है। असल में गन्ने के जूस में लिक्विड शुगर होने के कारण पेट भरा हुआ महसूस नहीं होता है। इसके सेवन से आपको बार-बार भूख लगती है और वजन बढ़ सकता है।

**फैटी लिवर**

गन्ने के रस में सुक्रोज मौजूद होता है, जो शरीर में जाकर ग्लूकोज और फ्रक्टोज में टूटता है। ज्यादा फ्रक्टोज लिवर में फैट के रुप में जमा हो जाता है। अधिक गन्ने के जूस के सेवन से फैटी लिवर की समस्या बढ सकती है। इसलिए फैटी लिवर से परेशान महिलाओं को गन्ने का रस रेगुलर पीने से बचना जरुरी है।

**किडनी से जुड़ी समस्या**

जिन लोगों को किड़नी से जुड़ी समस्याएं हैं, वो लोग डॉक्टर से पूछे बिना गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए। एक गिलास में लगभग 250-300mg पोटैशियम होता है। किडनी की समस्या होने पर यह शरीर में जमा हो जाता है। यह हार्ट और मसल्स पर असर डालता है।

**इरिटेबल बॉवल सिंड्रोम (IBS)**

आमतौर पर यह एक क्रोनिक डिजीज है जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट को प्रभावित करता है। जब आप गन्ने का रस पीते हैं, तो आपका पेट दर्द, ऐंठन, सूजन, गैस और दस्त या कब्ज जैसे लक्षण शामिल हैं। ज्यादा शुगर आंतों में osmotic effect उत्पन्न करते हैं। जिससे ब्लोटिंग, गैस या लूज मोशन जैसी समस्याएं हो सकती है। जिन लोगों का पेट संवेदनशील है उनको यह ट्रिगर कर सकता है। अगर आपका पेट जल्दी खराब होता है तो इसे पीने से बचना चाहिए।

**सावधानी**

- गन्ने का रस नेचुरल होने का यह मतलब नहीं है कि हर किसी के लिए सुरक्षित है।
- इसके साथ ही मात्रा और आपकी हेल्थ कंडीशन दोनों बहुत मायने रखते हैं।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
गैस्ट्रो, पेट व लीवर रोग विशेषज्ञ
अनुभव : 05 वर्ष
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170